# एनटीपीसी लिमिटेड

एनटीपीसी NTPC

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत ऑफिस : एनटीपीसी भवन, स्कोप कम्पलेक्स, 7, एरिया, लोदी रोड़, नई दिल्ली–110003
वेबसाइट : www.ntpc.co.in

**विज्ञापन सं. 12/26**

एनटीपीसी लिमिटेड 91 गीगावाट से अधिक की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 149 गीगावाट की सकल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजना को गति देने के लिए एनटीपीसी को नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार अपनी परियोजनाओं/स्टेशनों के लिए कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन में कार्यपालकों की आवश्कयता है।

## पद का नामः सहायक अधिकारी (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) – 15 रिक्तियां

**योग्यताः**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में कम से कम 60 प्रतिशत अंकों सहित पूर्णकालिक स्नातक डिग्री के साथ किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मास कम्यूनिकेशन/जर्नलिज्म/एडवरटाइजिंग एंड कम्यूनिकेशन/जनसंपर्क या इनके कॉम्बिनेशन में कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ पूर्णकालिक दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

**ऊपरी आयु सीमाः 29 वर्ष**

**ग्रेड/वेतनमानः ई0/आईडीए (रु. 30,000–1,20,000/–)**

**रिक्तियां**

| पद का नाम | अना. | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक अधिकारी (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) | 08 | 01 | 03 | 02 | 01 | 15 |

*सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण।

ऊपर बताई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या संगठन की आवश्यकता के अनुसार एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकाधिकार से बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

पद के लिए चिन्हित दिव्यांगता की श्रेणियां :

**क) बी, एलवी, ख) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, ग) एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें ऊपर (क) से (ग) तक शामिल हैं।**

**स्वास्थ्य**

नियुक्ति करने से पहले उम्मीदवारों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड/अधिकारी से मेडिकल जांच करवानी होगी और उनका निर्णय अंतिम और मान्य होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी। मेडिकल से जुड़े नियम और शर्तें वेबसाइट **careers.ntpc.co.in.** पर उपलब्ध हैं। इसलिए सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले मेडिकल नियमों को अच्छी तरह देख लें।

**सामान्य शर्तेः**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यताप्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पूर्णकालिक होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव आवश्यकता/योग्यता आदि की सभी संगणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से प्रभावी होंगी।
4. अपेक्षित विशेषज्ञता को प्रमाणित करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी और इसे या तो फाइनल डिग्री सर्टिफिकेट या विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी सर्टिफिकेट के द्वारा प्रमाणित करना होगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी को बदला नहीं जा सकेगा और बाद में किसी दूसरी श्रेणी का लाभ नहीं मिलेगा। जो उम्मीदवार किसी विशेष श्रेणी से होने का दावा करते हैं उनके पास सक्षम अधिकारी से जारी लागू वर्ष का वैध ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एससी/एसटी/दिव्यांगता सर्टिफिकेट, जैसी भी श्रेणी हो (भारत सरकार द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूप में) होना जरूरी है। जहाँ ऐसी श्रेणी के लिए रिक्ति है वहाँ अपेक्षित योग्यता में कम से कम 55 प्रतिषत अंक प्राप्त करने वाले एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन करने के योग्य हैं। जहाँ ऐसी श्रेणी के लिए रिक्ति है वहाँ एससी/एसटी श्रेणियों के लिए सभी कैडर/ग्रुप में अधिकतम उम्र सीमा में 5 वर्ष, ओबीसी श्रेणी के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों को उम्र में छूट सरकार के दिषानिर्देषों के अनुसार मिलेगी।
6. आवश्यकता के आधार पर, यदि जरूरी हुआ तो कंपनी बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/सीमित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
7. यदि आवश्यक हो तो आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए प्रबंधन बहु–स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार रखता है जिसमें प्रबंधन द्वारा उचित समझे जाने पर आवेदन शॉर्टलिस्टिंग/स्क्रीनिंग (योग्यता/अंकों के प्रतिशत आदि के आधार पर)/लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षा/व्यक्तिगत साक्षात्कार या उपरोक्त का संयोजन आयोजित करने या योग्यता मानकों/मानदंडों को बढ़ाना शामिल हो सकता है।

   अगर चयन लिखित/कंप्यूटर–आधारित परीक्षा और साक्षात्कार के जरिए होता है तो यह ऑनलाइन लिखित परीक्षा के अंकों के 85 प्रतिशत वेटेज और साक्षात्कार के अंकों के 15 प्रतिशत वेटेज पर आधारित होगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अलग–अलग उत्तीर्ण होना जरूरी है। ऑनलाइन लिखित परीक्षा के दो हिस्से होंगे अर्थात् विषय ज्ञान परीक्षा (एसकेटी) और एग्जीक्यूटिव एप्टीट्यूड परीक्षा (ईएटी)। उम्मीदवारों को दोनों सेक्शन में अलग–अलग उत्तीर्ण होना जरूरी है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय टेस्ट सेंटर का चयन करना होगा और बाद में किसी भी हालत में टेस्ट सेंटर में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। हालाँकि, एनटीपीसी के पास किसी भी सेंटर को रद्द करने/जोड़ने/बदलने का अधिकार है।
8. केवल यह तथ्य कि एक उम्मीदवार विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है, उसे लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट करने/आमंत्रित करने या आगे चयन प्रक्रिया के लिए विचार करने का अधिकार नहीं प्रदान करता है।
9. नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी कार्यालय/स्टेशन/परियोजना/जेवी/सहायक कंपनी में होगी। सभी पद प्रबंधन के एकल विवेकानुसार स्थानांतरणीय हैं।
10. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऊपर वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार पूरा करता है/करती है और यह कि प्रस्तुत विवरण हर तरह से सही है। यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य(यों) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः अमान्य हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में पक्ष–प्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
11. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही और /या इसके जवाब में आवेदन केवल दिल्ली में ही स्थापित किया जा सकता है और केवल दिल्ली में अदालतों/न्यायाधिकरणों/मंचों के पास ऐसा कारण/विवाद के संबंध में किसी भी कानूनी कार्यवाही के लिए एकमात्र और विशेष अधिकार क्षेत्र होगा।
12. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

## आवेदन कैसे करें

1. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

2. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को 500/– रुपए के गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भूपू से श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन माध्यम से भुगतानः** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोडः 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते **(खाता संख्या 30987919993)** में आवेदन शुल्क जमा करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध ''पे–इन–स्लिप'' के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल आवंटित खाते में राशि के उचित क्रेडिट के लिए शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। धन प्राप्त होने पर, बैंक एक विशेष जर्नल नंबर और धन एकत्र करने वाले बैंक का एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन के दौरान भरे जाने हैं। उम्मीदवार द्वारा गलत खाते में शुल्क जमा करने की स्थिति में एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन माध्यम से भुगतानः** उम्मीदवारों के पास शुल्क का भुगतान ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।

3. एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता मानदंड को सत्यापित कर लें।

4. **ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न आवेदन पर्ची को विशेष आवेदन संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है।** उम्मीदवार द्वारा भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन पर्ची की प्रति अपने पास रखी जा सकती है। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नही है।

5. यह अनिवार्य है कि पद के लिए आवेदन करते समय पात्र उम्मीदवार विज्ञापन को पूरा पढ़ें और दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। कोई भी संवर्धन/शुद्धिपत्र/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

6. **दस्तावेज अपलोड करनाः उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। अधूरे/अपर्याप्त दस्तावेज वाले आवेदन अस्वीकार कर दिया जायेगा या आगे की प्रक्रिया के लिए उन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

दस्तावेजों की सूची यहाँ दी गई हैः

i. कक्षा 10वीं उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/अंकपत्र, पैन कार्ड और आधार कार्ड (सभी दस्तावेजों में नाम और जन्म तिथि एक जैसी होनी चाहिए)।

ii. स्नातक डिग्री सर्टिफिकेट और अपेक्षित स्पेशलाइजेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री सर्टिफिकेट/पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट (फाइनल/प्रोविजनल)।

iii. कंसोलिडेटेड मार्कशीट/ट्रांसक्रिप्ट/सभी सेमेस्टर का अंकपत्र जिसमें सभी सेमेस्टर के कुल अंकों का प्रतिशत (%) स्पष्ट रूप से लिखा हो – ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन दोनों के लिए।

iv. अंकों को सीपीजीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि से प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान का अंक कन्वर्जन फॉर्मूला – ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन दोनों के लिए।

v. जाति/दिव्यांगता सर्टिफिकेट (एससी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए) जैसा लागू हो।

vi. ओबीसी–एनसीएल सर्टिफिकेट वर्तमान वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष 2026–27) के लिए सेंट्रल फॉर्मेट में होना चाहिए।

**vii. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को वर्तमान वर्ष का इनकम और एसेट सर्टिफिकेट निर्धारित प्रारूप में जमा करना होगा अर्थात् सर्टिफिकेट वित्त वर्ष 2025–26 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2026–27 के लिए वैध होना चाहिए।**

viii. दिव्यांगता प्रमाणपत्र इस विज्ञापन में बताए गए पदों के लिए पहचानी गई दिव्यांगता के अनुसार स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल के जरिए ऑनलाइन जेनरेट किए गए नवीनतम केन्द्र सरकार प्रारूप के अनुसार होना चाहिए (जिसमें दिव्यांगता का प्रकार और प्रतिशत स्पष्ट रूप से लिखा हो)।

**महत्वपूर्ण तिथि**

| | | |
|---|---|---|
| a. | ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथिः | 21.09.2026 |
| b. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः | 05.10.2026 |

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

Size 25x38